आइआइएम व सीआइपी साथ करेंगे अनुसंधान

रांची. आइआइएम और सीआइपी मिलकर उच्चस्तरीय अनुसंधान करेंगे. आइआइएम रांची परिसर में सीआइपी वेलनेस सेंटर भी खोलेगा. जिसमें विद्यार्थियों और शिक्षकों की काउंसेलिंग की जायेगी. जिन्हें जरूरत होगी, उनकी थेरेपी भी की जायेगी. आइआइएम के विद्यार्थी सीआइपी में जाकर मनोविज्ञान के गुर सीखेंगे. वहीं सीआइपी के विद्यार्थी आइआइएम में प्रबंधन के गुर भी सीखेंगे. दोनों संस्थानों के बीच सोमवार को एमओयू हुआ. एमओयू पर हस्ताक्षर सीआइपी

के निदेशक डॉ बासुदेव दास और आइआइएम के निदेशक दीपक कुमार श्रीवास्तव ने किया. आइआइएम की एसोसिएट प्रोफेसर व नोडल अधिकारी डॉ तनुश्री दत्ता और सीआइपी के डॉ निशांत गोयल सेवाओं और शोध का समन्वय करेंगे. डॉ गोयल ने बताया कि दोनों संस्थानों ने उच्चस्तरीय अनुसंधान पर काम करने का निर्णय लिया है और इसके लिए मिलकर करेंगे. इस मौके पर डॉ दीपांजन भट्टाचार्जी, डॉ अविनाश शर्मा, डॉ मधुमिता और डॉ नरेंद्र भी मौजूद थे.

Prabhat Khabar, 21.02.2023, Pg. 09